# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/मा/खेलकूद–3/35101/वा.प./2021–22/ दिनांकः 17-08-2021

समस्त संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा ।

विषय : सत्र 2021–22 में आयोज्य 65वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन सम्बन्धी प्रस्ताव भिजवाने बाबत ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2020–21 में आयोज्य 65वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं का कोविड–19 की वजह से आयोजन नहीं हो पाने के कारण सत्र 2021–22 में उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु वार्षिक खेल पंचांग तैयार किया जाना है । अतः उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन करवाने वाले इच्छुक संबंधित संस्था प्रधानों की सहमति के प्रस्ताव सम्बद्ध जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक की अभिशंषा सहित (खेल व समूहों की संकलित सूचना) आपके माध्यम से अविलम्ब इस कार्यालय को जरिये रजिस्टर्ड पत्र एवं इस कार्यालय के खेलकूद अनुभाग की ई–मेल sec.sportsbkn@yahoo.com पर दिनांक 06.09.2021 तक प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें ।

निर्धारित तिथि तक प्राप्त होने वाले प्रस्तावों का परीक्षण कर उपयुक्त विद्यालयों को उनके प्रस्तावानुसार राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का दायित्व सौंपे जाने का निर्णय कर शेष रहे खेलों का आवंटन मण्डलवार रोस्टर पद्धति से किया जावेगा ।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवे ।

संलग्न : प्रतियोगिता आयोजन स्थल निर्धारण हेतु बिन्दु

उपनिदेशक (खेलकूद) 17/8/21
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/मा/खेलकूद–3/35101/वा.प./2021–22/ दिनांकः 17-08-2021

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक ।

उपनिदेशक (खेलकूद) 17/8/21
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर